पहेली : जासूस स्टेव्ही स्नूप
१६२

“जासूस स्टेव्ही स्नूप”

| वह तनाव में है और उसे एक रोचक काम के लिये सहायकों की आव्यशकता है
क्या तुम उस की सहायता कर सकते हो ? वह किसी भी समय तुम्हारे पास आ पहुँचेगा |
(दरवाजे की घंटी की आवाज) अब यह वही होगा |
जासूस : “हेलो, मेरा नाम स्टेव्ही स्नूप है | मैं जासूस हूँ | मुझे तुम्हारी आव्यशकता है ! जी हाँ, तुम्हारी ! मुझे १००० मुकद्दमे हल करने हैं |”

तुम बढ़ा चढ़ा कर बोल रहे हो |
जासूस : “क्यों | तब तो केवल ९९९ मुकद्दमे ! यह रहा पहला मुकद्दमा | यह बहुत गुप्तनीय है | परन्तु बहुत तात्कालिक है ताकि वह और अज्ञानी मुवक्किल न ले | वह विश्वासघाती व्यक्ति है | एक छल करता जो लोगों की जेब में से चोरी छिपे पैसे निकालता है | परन्तु यह अधिक समय तक न होता रहेगा | तुम्हें उसे पकड़ना होगा | उस के लक्षण : केवल छोटा परन्तु खिलाडी |”
इस व्यक्ति के विषय में सुराग पवित्र शास्त्र के लूका के सुसमाचार के १९ वे अध्याय के दूसरे वचन में पाये जा सकते हैं |
लूका १९, वचन २ तुम्हारी खोज में सहायता करेगा |
यदि तुम्हारे पास पवित्र शास्त्र न हो तो मुझे लिखो और मैं तुम्हें एक प्रति भेज दुंगा |

जासूस: ”दूसरी केस में तुम्हें सावधानी से काम लेना होगा | यह व्यक्ति हथियार का प्रयोग करता है | वह परमेश्वर को अशलील शब्दों में शाप देता है | उसे अपने पदचिन्ह मिटाना कठिन जाता है | उस के जूते कि साइज़ संभवत : ७३ है !”
तुम उसे पवित्र शास्त्र में कहाँ पाओगे वह लिख लो :
१ शमुएल १७, वचन ४; मैं दोहराता हूँ : १ शमुएल १७, वचन ४ |
यदि तुम्हें पवित्र शात्र में ढूँडना कठिन जाता हो तो विषय सूचि में देखो |

जासूस : “तीसरी केस मेरे लिये विशेष रूप से महत्वपूर्ण है | यह मनुष्य आखरी बार नदी पर देखा गया था | उस के कपड़े ऊंट के बालों से बने हुए थे और उस का प्रिय आहार फ्रान्स की तली हुई वस्तुयें नहीं है बल्कि टिड्डा और जंगली शहद है *(गला साफ करने और खाँसने की आवाज)* वह हर व्यक्ति को परमेश्वर के साथ जीने का नेवता देता है और अपने पापों से मुंह मोड़ने को कहता है | कई लोग उस की बात मानते हैं और अपने पाप स्वेच्छा से स्विकार करते हैं | जब मैं इस व्यक्ति को पाऊंगा तब मेरा तनाव कम हो जायेगा |”
और संकेत मत्ती ३, वचन १ में पाये जा सकते हैं : मत्ती ३, वचन १|
और पवित्र शास्त्र के इसी पुस्तक में, मत्ती १, वचन २१ में तुम पाओगे कि इस व्यक्ति ने किसे अपना साथी बनाया था |

यदि तुम अपने उत्तर हमें लिख कर भेज दो तो जासूस स्टेव्ही स्नूप को अच्छा लगेगा |
जासूस : “यह ठीक है ! कृपया जल्दी करो ! यह मामले तात्कालिन हैं !”

मेरी यह इच्छा है कि इन मामलों को हल करते समय तुम आनन्द उठाओ |
जासूस : “जासूस स्टेव्ही स्नूप |”

लोग : वर्णनकर्ता, जासूस स्टेव्ही स्नूप

© Copyright: CEF Germany © कॉपीराईट: सी इ एफ जरमनी